



# न्यूज़ लेटर
# उत्तर प्रदेश पुलिस रेडियो

सितम्बर-2020

**अन्दर के पृष्ठों पर.......**

- उपलब्धियाँ
- सराहनीय कार्य
- आगामी गतिविधियाँ
- कल्याणकारी कार्य

आदेश, गोष्ठी एवं भ्रमण

तकनीकी स्तम्भ

विविध

## उ0प्र0 पुलिस रेडियो मुख्यालय पर स्वतंत्रता दिवस-2020 कार्यक्रम

- दिनांक 15.08.2020 : स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर श्री सुनील कुमार गुप्ता, अपर पुलिस महानिदेशक, दूरसंचार, उत्तर प्रदेश द्वारा उत्तर पुलिस रेडियो मुख्यालय पर भारतीय राष्ट्रीय ध्वज ''तिरंगा'' फहराया गया। इस अवसर पर भारत सरकार एवं पुलिस महानिदेशक, उत्तर प्रदेश द्वारा स्वीकृत किये गये विभिन्न पदकों का वितरण किया गया।

अपर पुलिस महानिदेशक, दूरसंचार, उत्तर प्रदेश ने अपने संक्षिप्त किन्तु सारगर्भित सम्बोधन में सभी कार्मिकों को देश के 74वें स्वाधीनता दिवस पर बधाई दी। श्री गुप्ता ने इस अवसर पर ब्रिटिश शासन से आजादी हासिल करने में अपना सर्वस्व बलिदान कर देने वाले वीर सपूतों का स्मरण भी किया। श्री गुप्ता ने देश के समक्ष आन्तरिक एवं बाहरी ताकतों द्वारा प्रस्तुत की जा रही चुनौतियों को देश की एकता एवं अखण्डता के समक्ष संकट खड़ा करने वाला बताया तथा देश को संगठित रखने में पुलिस बल की महती भूमिका का उल्लेख किया। साथ ही देश की आन्तरिक नकारात्मक ताकतों द्वारा भारतीय संविधान द्वारा प्रदत्त 'अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता' का दुरुपयोग करने व इससे हमें प्रभावित न होकर निरन्तर सकारात्मक कार्य करते रहने पर बल दिया।



श्री गुप्ता ने 02 अक्टूबर सन् 1942 को स्थापित उ0प्र0 पुलिस रेडियो को भारतवर्ष के प्रथम पुलिस रेडियो संगठन का गौरव प्राप्त होने व इस संगठन के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कर्मठ एवं समर्पित पूर्वाधिकारियों से प्रेरणा लेकर सदैव नये मानदण्ड स्थापित करने हेतु प्रेरित किया।



श्री गुप्ता ने मा0 प्रधान मंत्री, भारत सरकार द्वारा 'मेक इन इण्डिया' एवं 'डिज़ीटल इण्डिया' जैसे अभियानों को गति देने, 'लोकल के लिये वोकल', इत्यादि स्लोगन्स द्वारा, देश के प्रत्येक नागरिक से 'आत्मनिर्भर भारत' के लिये योगदान तथा उ0प्र0 सरकार द्वारा 'सबका साथ, सबका विकास एवं सबका विश्वास' तथा 'आत्मनिर्भर भारत बनाने' की अवधारणा को अंगीकृत करते हुए प्रदेश के सर्वांगीण तकनीकी विकास हेतु संचालित परियोजना/नीति आदि का उल्लेख कर, उ0प्र0 पुलिस रेडियो के एक तकनीकी संगठन होने के कारण भविष्य की चुनौतियों से निपटने के लिये बल के प्रत्येक सदस्य को अपने तकनीकी ज्ञान एवं कौशल में अभिवृद्धि हेतु निरन्तर प्रयत्नशील रहने हेतु प्रेरित किया। श्री गुप्ता ने विभिन्न पदक विजेताओं को बधाई दी और विश्वव्यापी कोरोना संक्रमण की स्थिति में अधिकतम सावधानी बरतने व अपने परिवार के स्वास्थ्य का भी विशेष ध्यान रखने का आवाहन किया। कार्यक्रम के दौरान कोरोना संक्रमण के सम्बन्ध में शासन के निर्देशों का पालन किया गया।

न्यूज़ लैटर
उत्तर प्रदेश पुलिस रेडियो

# उत्तर प्रदेश पुलिस रेडियो के अधिकारियों/कर्मचारियों को स्वतंत्रता दिवस 2020 पर प्राप्त पदक

- निम्न अधिकारियों / कर्मचारियो को उत्कृष्ट सेवाओं हेतु राष्ट्रपति का पदक तथा दीर्घ एवं सराहनीय सेवाओं के लिए राष्ट्रपति का पुलिस पदक प्राप्त हुआ है–

| क्र. | पदनाम | नाम | सेवा मेडल का प्रकार |
|---|---|---|---|
| 1. | सहायक रेडियो अधिकारी | राजकुमार सिह | उत्कृष्ट सेवा |
| 2. | रेडियो उप निरीक्षक | श्री नंदन सिह | उत्कृष्ट सेवा |
| 3. | रेडियो उप निरीक्षक | श्री निर्मल चन्द्र अवस्थी | उत्कृष्ट सेवा |
| 4. | अपर राज्य रेडियो अधिकारी | श्री राजेन्द्र कुमार | दीर्घ एवं सराहनीय सेवा |
| 5. | अपर राज्य रेडियो अधिकारी | श्री अमित राज | दीर्घ एवं सराहनीय सेवा |
| 6. | रेडियो उप निरीक्षक | श्री राम बालक वर्मा | दीर्घ एवं सराहनीय सेवा |
| 7. | हे0का0 ड्रायवर | श्री इन्द्रेश कुमार | दीर्घ एवं सराहनीय सेवा |

- निम्न अधिकारियों / कर्मचारियो को पुलिस महानिदेशक, उ0प्र0 द्वारा उत्कृष्ट एवं सराहनीय सेवाओं के लिये सम्मान चिन्ह प्रदान किये गये हैं–

| क्र. | पदनाम | नाम | सम्मान चिन्ह का प्रकार |
|---|---|---|---|
| 1. | रेडियो निरीक्षक | श्री वीरेन्द्र कुमार वर्मा | उत्कृष्ट सेवा सम्मान चिन्ह |
| 2. | रेडियो उप निरीक्षक | श्री लल्लन सिंह | उत्कृष्ट सेवा सम्मान चिन्ह |
| 3. | प्रधान परिचालक | श्री राम मोहन सिंह | सराहनीय सेवा सम्मान चिन्ह |
| 4. | प्रधान परिचालक | श्री विजय नारायन सिंह | सराहनीय सेवा सम्मान चिन्ह |
| 5. | प्रधान परिचालक | श्री धीरेन्द्र कुमार सिह | सराहनीय सेवा सम्मान चिन्ह |
| 6. | प्रधान परिचालक | श्री राकेश कुमार वाजपेयी | सराहनीय सेवा सम्मान चिन्ह |
| 7. | प्रधान परिचालक | श्री राजेश कुमार सिह | सराहनीय सेवा सम्मान चिन्ह |
| 8. | प्रधान परिचालक | श्री अनिल कुमार सिह | सराहनीय सेवा सम्मान चिन्ह |
| 9. | प्रधान परिचालक | श्री राजाभइया भास्कर | सराहनीय सेवा सम्मान चिन्ह |
| 10. | प्रधान परिचालक | श्री कुलदीप मदार | सराहनीय सेवा सम्मान चिन्ह |
| 11. | हे0का0ड्राइवर | श्री राम बचन प्रसाद | सराहनीय सेवा सम्मान चिन्ह |

उक्त उत्कृष्ट सेवा सम्मान चिन्ह के साथ रु0 10,000.00 तथा सराहनीय सेवा सम्मान चिन्ह के साथ रु0 5,000.00 का नकद पुरस्कार भी प्रदान किया जाता है।

- निम्न अधिकारियों / कर्मचारियों को सेवा अभिलेख के आधार पर पुलिस महानिदेशक, उ0प्र0 का प्रशंसा चिन्ह प्राप्त हुआ है–

| क्र. | पदनाम | नाम | प्रशंसा चिन्ह |
|---|---|---|---|
| 1. | रेडियो उप निरीक्षक | श्री वीर प्रताप चौधरी | प्लेटिनम |
| 2. | रेडियो उप निरीक्षक | श्री निरंजन सिह | प्लेटिनम |
| 3. | रेडियो उप निरीक्षक | श्री आदर्श कुमार दीक्षित | प्लेटिनम |
| 4. | प्रधान परिचालक | श्री सर्वेश सिह | प्लेटिनम |
| 5. | रेडियो निरीक्षक | श्री ब्रहम देव शुक्ला | गोल्ड |
| 6. | रेडियो उप निरीक्षक | श्री बृजेश कुमार मिश्रा | गोल्ड |
| 7. | रेडियो उप निरीक्षक | श्री अशोक कुमार बोस | गोल्ड |
| 8. | रेडियो उप निरीक्षक | श्री अतुल कुमार गुप्ता | गोल्ड |
| 9. | रेडियो उप निरीक्षक | श्री असद अली | गोल्ड |
| 10. | रेडियो उप निरीक्षक | श्री इन्द्रगोपाल सिह | गोल्ड |
| 11. | रेडियो उप निरीक्षक | श्री दिनेश नारायण त्रिपाठी | सिल्वर |
| 12. | रेडियो उप निरीक्षक | श्री रवीन्द्र नाथ शुक्ल | सिल्वर |
| 13. | रेडियो उप निरीक्षक | श्री देवेन्द्र कुमार सिह | सिल्वर |
| 14. | रेडियो उप निरीक्षक | श्री राम सुमेर | सिल्वर |

- निम्न अधिकारियों / कर्मचारियो को भारत सरकार द्वारा अति–उत्कृष्ट सेवा पदक एवं उत्कृष्ट सेवा पदक स्वीकृत किये गये हैं–

## अति-उत्कृष्ट सेवा पदक

| क्र. | पदनाम | नाम |
|---|---|---|
| 1. | रेडियो निरीक्षक | श्री सुरेश कुमार मिश्रा |
| 2. | रेडियो निरीक्षक | श्री राम निधि मौर्य |
| 3 | रेडियो निरीक्षक | श्री वीरेन्द्र कुमार वर्मा |
| 4. | रेडियो उपनिरीक्षक | श्री नन्दन सिंह |
| 5. | रेडियो उपनिरीक्षक | श्री रवीन्द्र नायर जी |
| 6. | रेडियो उपनिरीक्षक | श्री निर्मल चन्द्र अवस्थी |
| 7. | रेडियो उपनिरीक्षक | श्री परवेज जैदी |
| 8. | रेडियो उपनिरीक्षक | श्री वीर प्रताप चौधरी |
| 9. | रेडियो उपनिरीक्षक | श्री राम कुमार वर्मा |
| 10. | रेडियो उपनिरीक्षक | श्री पारस नाथ |
| 11. | रेडियो उपनिरीक्षक | श्री शरद चन्द्र श्रीवास्तव |
| 12. | रेडियो उपनिरीक्षक | श्री सतीश कुमार त्रिवेदी |
| 13. | रेडियो उपनिरीक्षक | श्री चन्द्र भान सिंह |
| 14. | रेडियो उपनिरीक्षक | श्री सै0 असद अली |
| 15. | रेडियो उपनिरीक्षक | श्री लखपति |
| 16. | रेडियो उपनिरीक्षक | श्री कृष्ण मोहन सहाय |
| 17. | रेडियो उपनिरीक्षक | श्री बालेन्द्र भूषण सिंह |
| 18. | रेडियो उपनिरीक्षक | श्री निवास पाण्डेय |
| 19. | रेडियो उपनिरीक्षक | श्री हंस राज यादव |
| 20. | रेडियो उपनिरीक्षक | श्री इन्द्र गोपाल सिंह |
| 21. | रेडियो उपनिरीक्षक | श्री बद्री प्रसाद चतुर्वेदी |
| 22. | प्रधान परिचालक / रेडियो उपनिरीक्षक | श्री शमीम अहमद |
| 23. | प्रधान परिचालक / 3209 | श्री राम मोहन सिंह |
| 24. | प्रधान परिचालक / 3129 | श्री धीरेन्द्र कुमार सिंह |
| 25. | प्रधान परिचालक / रेडियो उपनिरीक्षक | श्री अनिल कुमार वाल्टर |
| 26. | प्रधान परिचालक / 472 | श्री राकेश कुमार बाजपेई |
| 27. | प्रधान परिचालक / 3578 | श्री नरेश त्यागी |
| 28. | प्रधान परिचालक / 1185 | श्री अनिल कुमार श्रीवास्तव |
| 29. | प्रधान परिचालक / 1918 | श्री राजा भइया भास्कर |
| 30. | प्रधान परिचालक / 773 | श्री अनिल कुमार सिंह |
| 31. | प्रधान परिचालक / 799 | श्री यमुना प्रसाद शुक्ला |
| 32. | प्रधान परिचालक / 744 | श्री राजेश कुमार सिंह |
| 33. | प्रधान परिचालक / 702 | श्री बलबीर सिंह |
| 34. | प्रधान परिचालक / 818 | श्री कुलदीप मदार |
| 35. | प्रधान परिचालक / 745 | श्री दिग्विजय सिह |
| 36. | प्रधान परिचालक / 281 | श्री सुधीर कुमार सिंह |
| 37. | प्रधान परिचालक / 767 | श्री अकील अहमद |
| 38. | प्रधान परिचालक / 1163 | श्री करूणा शंकर सिह |
| 39. | प्रधान परिचालक / 70 | श्री राम लखन |
| 40. | हे0कां0 ड्राइवर | श्री सुरेश चन्द्र श्रीवास्तव |

## उत्कृष्ट सेवा पदक

| क्र. | पदनाम | नाम |
|---|---|---|
| 1. | प्रधान परिचालक / 1778 | श्री ठाकुर प्रसाद सिंह |
| 2. | प्रधान परिचालक / 1945 | श्री मो0 अहजर |
| 3. | प्रधान परिचालक / 891 | श्री सर्वेश सिंह |
| 4. | प्रधान परिचालक / 505 | श्री ओम प्रकाश तिवारी |
| 5. | प्रधान परिचालक / 685 | श्री राज किशोर वर्मा |
| 6. | प्रधान परिचालक / 1093 | श्री संजय भार्गव |
| 7. | प्रधान परिचालक / 1343 | श्री बलबीर सिंह सूर्यवंशी |
| 8. | प्रधान परिचालक / 1002 | श्री अखिलेश कुमार पाठक |
| 9. | प्रधान परिचालक / 1191 | श्री राजेश कुमार सिंह |
| 10. | प्रधान परिचालक / 1203 | श्री देवेन्द्र कुमार |
| 11. | प्रधान परिचालक / 845 | आशुतोष त्रिपाठी |
| 12. | प्रधान परिचालक / 3721 | श्री सै0 मो0 जाफर |
| 13. | प्रधान परिचालक / 1705 | श्री अखिलेश कुमार सिंह |
| 14. | प्रधान परिचालक / 3967 | श्री प्रदीप कुमार |
| 15. | प्रधान परिचालक / 1049 | श्री अजय कुमार सोनकर |
| 16. | प्रधान परिचालक / 1553 | श्री अनिल दत्त वर्मा |
| 17. | प्रधान परिचालक / 1113 | श्री संजय कुमार श्रीवास्तव |
| 18. | प्रधान परिचालक / 166 | श्री नवीन चन्द्र भट्ट |
| 19. | प्रधान परिचालक / 899 | श्री संजय कुमार मिश्र |
| 20. | प्रधान परिचालक / 3616 | श्री राहुल द्विवेदी |
| 21. | प्रधान परिचालक / 1015 | श्री चन्द्र भूषण सिंह |
| 22. | प्रधान परिचालक / 1374 | श्री बृजेश कुमार गिरि |
| 23 | प्रधान परिचालक / 4191 | श्री वीरेन्द्र प्रताप मौर्य |
| 24. | प्रधान परिचालक / 4351 | श्री सुभाष चन्द्र गुरु |
| 25. | प्रधान परिचालक / 3461 | श्री हरि केश शर्मा |
| 26. | प्रधान परिचालक / 961 | श्री जय सिंह यादव |
| 27. | प्रधान परिचालक / 404 | श्री विनय कुमार सिंह |
| 28. | प्रधान परिचालक / 1329 | श्री सुरेश बहादुर सिंह |
| 29. | प्रधान परिचालक / 3714 | श्री राजेश कुमार श्रीवास्तव |
| 30. | प्रधान परिचालक / 4255 | श्री गौरव कुमार |

## सराहनीय कार्य

- निम्न भ्रमण कार्यक्रमों के दौरान निर्विध्न संचार व्यवस्था स्थापित की गयी–

| दिनांक | जनपद |
|---|---|
| मा0 प्रधान मंत्री, भारत | |
| 05.08.2020 | अयोध्या |
| मा0 मुख्य मंत्री, उत्तर प्रदेश | |
| 30–31.08.2020 | गोरखपुर |
| 29.08.2020 | वाराणसी |
| 27.08.2020 | गोण्डा |
| 11–12.08.2020 | गोरखपुर |
| 08.08.2020 | सहारनपुर, गौतमबुद्धनगर |
| 07.08.2020 | बरेली |
| 0508.2020 | अयोध्या |

- दिनांक 16.08.2020: डीसीआर, कौशाम्बी पर समय 0020 बजे चौकी प्रभारी, नारा ने सूचित किया कि एक संदिग्ध आल्टो कार नं0 यूपी71एम6047 टेंवा की तरफ जा रही है, जिसका मैं पीछा कर रहा हूँ। आप चौकी टेंवा व थाना महेवाघाट को बताकर चेकिंग करायें। ड्यूटीरत सहायक परिचालक / 6044 श्री सैय्यद कमर अब्बास द्वारा सभी को सूचित कर चेकिंग कराने के परिणामस्वरुप उक्त कार समय 0025 बजे मय असलहाधारी संदिग्ध व्यक्ति पकड़ी गयी।

- दिनांक 05.08.2020: डीसीआर गोण्डा के सीयूजी नं0 945441763 पर अपर मजिस्ट्रेट, सिविल कोर्ट, उन्नाव, नीरज कुमार बताते हुए फोनकर्ता ने गोण्डा के मा0 विधायक, मेहनौन, श्री मुन्ना भैया व मा0 विधायक, तरबगंज, श्री प्रेम नारायन पाण्डेय का फोन नं0 देने व उनसे तत्काल बात करने हेतु बताने को कहा गया। कई बार फोन आने, दबाव बनाने व फोनकर्ता की भाषा संदिग्ध लगने पर सूचना उच्चाधिकारियों को दी गयी। दिनांक 06.08.2020 को पुनः फोनकर्ता द्वारा श्रावस्ती का सीयूजी माँगने पर सूचना पुलिस अधीक्षक, गोण्डा को दी गयी। जाँच से फोनकर्ता फर्जी निकला जिसे गिरफ्तार कर जेल भेजा गया।

## पुलिस रेडियो मुख्यालय के आदेश/निर्देश

- अपर पुलिस महानिदेशक, दूरसंचार, उ0प्र0 के कार्यालय ज्ञाप संख्याः सीए / एडीजी–01 / 2020 दिनांक 04.08.2020 द्वारा कोविड–19 संक्रमण का कोई इलाज या वैक्सीन उपलब्ध न होने के दृष्टिगत व्यक्तिगत तथा आस–पास की साफ–सफाई / सेनेटाइज़िंग, फेस मास्क जैसे व्यक्तिगत सुरक्षा उपाय अपनाने एवं 2 गज की व्यक्तिगत दूरी बनाये रखने का उल्लेख करते हुए समस्त पर्यवेक्षण अधिकारियों को कोविड–19 के सम्बन्ध में उ0प्र0 शासन, पुलिस महानिदेशक, उ0प्र0 तथा अधोहस्ताक्षरी के निर्देशों को पूर्ण गम्भीरता से लेने और सुनिश्चित करने कि प्रत्येक व्यक्ति कड़ाई से निर्देशों का अनिवार्यतः अनुपालन सुनिश्चित करें, निर्देशित किया गया है साथ ही निर्देशों के उल्लंघन पर सम्बन्धित के विरुद्ध कठोर कार्यवाही अमल में लाये जाने हेतु भी आगाह किया गया है।
- उपमहानिरीक्षक (पुलिस दूरसंचार) एमसीआर के कार्यालय ज्ञाप संख्याः लाइन–विविध / 2020 दिनांक : 27.08.2020 द्वारा कोरोना संक्रमण से बचाव के उपाय अपनाने, अनुशासित आचरण करने, सेवानिवृत्त कार्मिकों तथा मृतक आश्रित सेवायोजन हेतु आने वाले व्यक्तियों को दूरभाष पर ही वस्तुस्थिति बताकर मदद करने / हेल्प–डेस्क की व्यवस्था करने की अपेक्षा सम्बन्धित से की गयी है।

## पदोन्नति

- शासनादेश संख्याः 1414 / 6–पु–1–20–1300(32) / 88टीसी–।। दिनांक 07.08.2020 द्वारा निम्न रेडियो निरीक्षकों को सहायक रेडियो अधिकारी के पद पर पदोन्नत किये जाने के आदेश निर्गत किये गये हैं– 1. श्री बच्चू सिंह, 2. श्री अशोक कुमार मिश्र, 3. श्री जय प्रकाश सिंह, 4. श्री अनिल कुमार, 5. श्री कृष्ण कुमार सिंह राठौर, 6. श्री मोहन सिंह, एवं 7. श्री सुरेश कुमार मिश्र।

## कल्याणकारी कार्य

- पुलिस रेडियो प्रशिक्षण केन्द्र स्थित होम्योपैथिक चिकित्सालय में 150 कार्मिकों का उपचार किया गया।

## सेवानिवृत्ति

- उ0प्र0 पुलिस रेडियो से अगस्त–2020 में सेवानिवृत्त (अधिवर्षता आयु पूर्ण कर / ऐच्छिक) हुए निम्न 17 कार्मिकों को ससम्मान विदाई दी गयी–

1. रेडियो उपनिरीक्षक, श्री राम कीर्ति यादव, लखनऊ, 2. रेडियो उपनिरीक्षक, श्री विमल कुमार मिश्र, उन्नाव, 3. रेडियो उपनिरीक्षक, श्री योगेश कुमार, बस्ती, 4. रेडियो उपनिरीक्षक, श्री राम राघव सिंह, आगरा, 5. रेडियो उपनिरीक्षक, श्री चन्द्र केतु सिंह, रेडियो मुख्यालय, 6. रेडियो उपनिरीक्षक, श्री राम शंकर, आगरा, 7. रेडियो उपनिरीक्षक, श्री शैलेन्द्र प्रताप सिंह, लखनऊ, 8. रेडियो उपनिरीक्षक, श्री छोटे लाल विद्यार्थी, प्रयागराज, 9. रेडियो उपनिरीक्षक, श्री शिव कुमार, एटा, 10. रेडियो उपनिरीक्षक, श्री भीम सिंह, रेडियो मुख्यालय, 11. रेडियो उपनिरीक्षक, श्री कंचन सिंह, बाँदा, 12. रेडियो उपनिरीक्षक, श्री शिव धनी सिंह, वाराणसी, 13. रेडियो उपनिरीक्षक, श्री महबूब अली, प्रयागराज, 14. प्रधान परिचालक (यॉत्रिक) / 4675, श्री अश्विनी कुमार शुक्ल, रेडियो मुख्यालय, 15. सहायक परिचालक / 4737, श्रीमती रंजना वैश्य, लखनऊ, 16. सहायक परिचालक / 1545, श्री राम दवर राम, जौनपुर, एवं 17. सन्देशवाहक, श्री विनोद कुमार तिवारी, बरेली।

## प्रशिक्षण कार्यक्रम

- उत्तर प्रदेश पुलिस रेडियो प्रशिक्षण केन्द्र में कोविड–19 सम्बन्धी आवश्यक दिशा–निर्देशों का पालन कराते हुए 06 माह का ग्रेड–तृतीय प्रशिक्षण कार्यक्रम संचालित है। प्रशिक्षणार्थियों हेतु दूरस्थ शिक्षा की व्यवस्था भी की गयी है। गूगल प्लेटफॉर्म पर संचालित प्रशिक्षण कार्य को प्रारम्भ करने में रेडियो निरीक्षक, श्री वी0के0 वर्मा द्वारा अथक प्रयास किया गया। मास्टर ट्रेड हैण्ड के आस्थगित प्रशिक्षण कार्यक्रम के प्रशिक्षणार्थियों के सैद्धांतिक विषयों पर साप्ताहिक क्विज़ के साथ ही रेडियो थ्योरी विषय पर ऑनलाइन क्विज़ भी रेडियो निरीक्षक, श्री वी0के0 वर्मा द्वारा भेजी जा रही है।

## श्रद्धांजलि

- महोबा में नियुक्त रेडियो उप निरीक्षक, श्री रज्जाक खॉन का दिनांक 05.08.2020 को कैंसर से,





झाँसी में नियुक्त रेडियो उप निरीक्षक, श्री अनिल कुमार समाधिया का दिनांक 02.08.2020 को लिवर इन्फेक्शन से व सहारनपुर में नियुक्त रेडियो उपनिरीक्षक, श्री सुरेन्द्र कुमार वर्मा का इलाज के दौरान दिनांक 30.08.2020 को असामयिक निधन हो गया। उ0प्र0 पुलिस रेडियो के समस्त कार्मिक श्री खॉन, श्री समाधिया व श्री वर्मा के असामयिक निधन पर अपनी हार्दिक संवेदना व्यक्त करते हुए इनके परिवारीजन को इस अपूरणीय क्षति को सहन करने का संबल प्रदान करने हेतु ईश्वर से प्रार्थना करते हैं।

## कोविड-19 से बचाव के सम्बन्ध में रेडियो मुख्यालय/कॉलोनी में कार्यवाही

उत्तर प्रदेश पुलिस रेडियो मुख्यालय एवं कॉलोनी परिसर में कोविड–19 संक्रमण से बचाव हेतु जागरुकता अभियान के अन्तर्गत सार्वजनिक उद्घोषणाएँ करायी गयीं।

- मुख्यालय के कार्यालयों तथा सम्पूर्ण परिसर को नियमित रुप से अधिकारियों/कार्यालयों की संतुष्टि के अनुसार सेनेटाइज़ कराया जा रहा है। संचार उपकरण एवं सामग्री आपूर्ति हेतु आने वाले वाहनों, वाहन चालकों, सहायकों इत्यादि की सेनेटाइज़िंग मुख्यालय के बाहर ही करायी जा रही है। प्रत्येक व्यक्ति की थर्मल स्कैनिंग भी करायी जा रही है। ऑक्सीमीटर की मदद से खून में ऑक्सीजन सेचुरेशन का लेवल भी आवश्यकतानुसार चेक किया जा रहा है।
- कॉलोनी में बाहरी व्यक्तियों के आवागमन पर कड़ा नियंत्रण लागू है ताकि बाहर से कोई वायरस प्रभावित व्यक्ति कॉलोनी को प्रभावित न कर सके। कॉलोनी में आवासित परिवारों की सुविधा हेतु ब्रेड, दूध, फल एवं सब्जी इत्यादि की व्यवस्था कॉलोनी में ही करायी गयी जिससे स्टाफ को बाहर न जाना पड़े तथा संक्रमण से प्रभावित होने का खतरा कम से कम रहे। कोरोना प्रभावित कार्मिक के परिवार की नियमित कुशल क्षेम पूछने के साथ ही आर0ओ0 जल घर तक पहुँचाया गया। काफी संख्या में कार्मिकों एवं उनके पारिवारिक सदस्यों के कोविड संक्रमण हेतु टेस्ट भी कराये गये।

## उत्तर प्रदेश पुलिस रेडियो मुख्यालय भ्रमण

- दिनांक 13.08.2020 : 72वें आई0पी0एस0 (आर0आर0–2018/2019) बैच के 14 प्रशिक्षुओं का उत्तर प्रदेश पुलिस रेडियो की कार्यप्रणाली से भिज्ञ कराने हेतु उत्तर प्रदेश पुलिस रेडियो मुख्यालय, लखनऊ का भ्रमण कार्यक्रम सम्पन्न हुआ।
- श्री एस0पी0 सिंह, उप महानिरीक्षक (पुलिस दूरसंचार) एमसीआर ने सभी का मुख्यालय पर स्वागत किया तथा उन्हें यूनाईटेड प्रॉविन्सिज़ (वर्तमान उत्तर प्रदेश) में पुलिस दूरसंचार हेतु कुम्भ मेला–1938 के प्रारम्भिक प्रयोग, पुलिस रेडियो का विकासक्रम, उत्तर प्रदेश पुलिस हेतु पुलिस रेडियो की स्थापना तथा पुलिस रेडियो मुख्यालय का इतिहास, रेडियो मुख्यालय का भ्रमण करने वाले पूर्व प्रधान मंत्री, भारत सरकार एवं अन्य विशिष्ट महानुभावों के बारे में जानकारी दी। वर्ष 1952 से 1971 तक पुलिस रेडियो विभाग के प्रथम भारतीय मुखिया एवं 'पद्म श्री छत्रपति जोशी' के पुलिस रेडियो एवं अन्य योगदानों के सम्बन्ध में बताया गया। श्री सिंह ने रेडियो मेल/क्यू–मेल/संकेत कक्षों की पुलिस दूरसंचार के लिये उपयोगिता एवं महत्ता को भी स्पष्ट किया तथा इन केन्द्रों का भ्रमण कराया। केन्द्रीय कर्मशाला के भ्रमण के दौरान सीसीटीवी, कम्प्यूटर, एच0एफ0/वी0एच0एफ0 वायरलेस सेट, पॉवर सप्लाई, बैटरियों इत्यादि के अनुरक्षण कार्यों की जानकारी दी तथा पुलिस दूरसंचार में प्रयोग किये जा रहे विभिन्न एच0एफ0/वी0एच0एफ0 आवृत्ति के एनालॉग/डिज़ीटल तकनीकी के उपकरणों के सम्बन्ध में जानकारी दी।
- श्री सुनील कुमार गुप्ता, अपर पुलिस महानिदेशक, दूरसंचार, उत्तर प्रदेश को सभी प्रशिक्षणार्थियों ने अपना परिचय दिया। श्री एस0पी0 सिंह ने पुलिस रेडियो संगठन के सम्बन्ध में सारगर्भित प्रस्तुतीकरण के माध्यम से संगठन के कार्यकलापों एवं उपकरणों तथा आवृत्ति आवंटन, संचार उपकरणों की लाइसेंसिंग, स्पेक्ट्रम चार्जेज़, इत्यादि के सम्बन्ध में जानकारी दी। प्रशिक्षुओं ने रेडियो मुख्यालय के सभी अधिकारियों का आभार व्यक्त करते हुए भ्रमण कार्यक्रम को अत्यंत उपयोगी एवं ज्ञानवर्द्धक बताया। भ्रमण के दौरान कोरोना संक्रमण के सम्बन्ध में शासन के निर्देशों का पालन किया गया।





## पुलिस रेडियो मुख्यालय पर श्री कृष्ण जन्माष्टमी समारोह

- उत्तर प्रदेश पुलिस रेडियो के प्रशिक्षण केन्द्र में श्री कृष्ण जन्माष्टमी पर्व 12 अगस्त 2020 को पारम्परिक हर्षोल्लास एवं अत्यंत सादगी से मनाया गया। इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में पुलिस रेडियो अधिकारियों/कर्मचारियों ने उत्साह से भाग लिया। इस अवसर पर संक्षिप्त पूजा कार्यक्रम एवं श्री कृष्ण जन्म कार्यक्रम सम्पन्न कराया गया। कार्यक्रम हेतु मनोहारी झाँकी भी तैयार की गयी। कोविड–19 संक्रमण की संवेदनशीलता के कारण संक्षिप्त कार्यक्रम के दौरान शासन के निर्देशों का पालन किया गया।





लेखन, सम्पादन एवं डिज़ाइन– श्री सत्य प्रकाश सिंह, उप महानिरीक्षक (पुलिस दूरसंचार) एमसीआर
डिज़ाइन सहयोग–श्री अजय कुमार सोनकर, प्रधान परिचालक।
मुद्रक – शिवा PRESS ☎ 95989 666 88 KAPOORTHALA, LUCKNOW
प्रतियाँ – 300